**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :**

*i)* *यह प्रश्न–सह–उत्तर पुस्तिका है।*

*ii)* *हर एक प्रश्न का उत्तर लिखने के लिए इस पुस्तिका में ही जगह दी गयी है। उस जगह में ही उत्तर लिखें।*

*iii)* *इस प्रश्न–सह–उत्तर पुस्तिका में 'जोडकर लिखिए' प्रश्न सहित कुल 54 प्रश्न हैं।*

*iv)* *परीक्षार्थी उत्तरों को पेन्सिल से न लिखें। ऐसा करने पर उन उत्तरों का मूल्यांकन नहीं किया जायेगा।*

*v)* *परीक्षार्थी को दिये गये विकल्प, रिक्त स्थानों की पूर्ति तथा जोडकर लिखिए जैसे उत्तरों को काटछाँट करना, दोबारा लिखना एवं चिह्न लगाना मना है। ऐसा करने पर उन उत्तरों का मूल्यांकन नहीं किया जायेगा।*

---

**I. प्रश्न क्रमांक 1 से 15 के लिए चार-चार विकल्प दिये गये हैं। जिन में से एक मात्र सही उत्तर है। उस सही उत्तर को चुनकर दिये गये रिक्त स्थान में उसके संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए।** [15 × 1 = 15]

1. हमारे पूर्वजों ने इसमें दैवी शक्ति का वास माना है।

   (A) तुलसी (B) नीम

   (C) आम (D) पीपल

2. सुरेश के पिताजी कैसे आदमी थे ?

   (A) सयाने (B) अच्छे

   (C) अमीर (D) मूर्ख

3. मुंदर के अनुसार स्वराज्य की लड़ाई कब समाप्त हो सकती है ?

   (A) सभी सैनिक स्वराज्य की नींव के पत्थर होने पर

   (B) स्वराज्य मिल जाने पर

   (C) दामोदर को दक्षिण ले जाने पर

   (D) ग्वालियर की सेना की सहायता मिल जाने पर

4. सूखे पत्ते कार को क्यों रोकना चाहते थे ?

   (A) कार के आगे चलने के लिए।

   (B) कार के पीछे चलने के लिए।

   (C) कार के साथ चलने के लिए।

   (D) कार से आगे चलने के लिए।

www.StudyGuideIndia.com

5. वृंद के अनुसार विद्या–धन को इसके बिना नहीं पा सकते हैं।

(A) परिश्रम (B) भोजन

(C) नींद (D) पंखे

6. स्काउट शिक्षा के द्वारा विद्यार्थीगण इसकी परिपाटी सीखते हैं।

(A) अनुशासन (B) आत्मशासन

(C) पाठशाला (D) आत्मविश्वास

7. गणित और तर्कशास्त्र का अध्ययन इस शिक्षा की बुनियाद है।

(A) कंप्यूटर (B) विज्ञान

(C) दर्शन (D) क्लास

8. ''व्यवस्था'' शब्द का अन्यवचन रूप है।

(A) व्यवस्था (B) व्यवस्थें

(C) व्यवस्थाओं (D) व्यवस्थाएँ

9. ''बुझना'' शब्द का प्रथम प्रेरणार्थक रूप है।

(A) बुझवाना (B) बुझा

(C) बुझाना (D) बूझाना

10. ''नायक'' शब्द इस संधि का उदाहरण है।

(A) स्वर (B) अयादि

(C) व्यंजन (D) दीर्घ

11. ''तोडना'' शब्द का विलोमार्थक रूप है।

(A) जोडाना (B) मारना

(C) छोडना (D) जोडना

www.StudyGuideIndia.com

12. ''हिकमत'' शब्द का समानार्थक रूप है।

(A) हुकूमत (B) हिम्मत

(C) उपाय (D) अभिप्राय

13. ''महोदय'' शब्द का अन्यलिंग रूप है।

(A) महोदय (B) महोदया

(C) महादया (D) महोदई

14. ''पोल खुलना'' मुहावरे का अर्थ है।

(A) सत्य प्रकट होना (B) दरवाज़ा खुलना

(C) असत्य प्रकट होना (D) स्तब्ध हो जाना

15. अबके कविता के कवि इससे दुखी हैं।

(A) पारस्परिकता से

(B) हर तरह की कमी से

(C) पारस्परिकता की कमी से

(D) बेहतर आदमियों की कमी से

www.StudyGuideIndia.com

**II. रिक्त स्थान में उचित शब्द भरिए।** [5 × 1 = 5]

16. कमल ने अपनी माता सावित्री से —————————— देखने की अनुमति माँगी।

17. चित्रकूट में बहुजीव ——————— करते हैं।

18. मैं विश्वास दिलाता हूँ ————— आपकी पवित्र देह को छूने का साहस पवित्र अग्नि ही कर सकेगी।

19. श्रीमती जी —————————— तेज नज़र नौकर के हर काम की जानकारी रखती थी।

20. सूखे पत्ते पेड —————————— गिर पडे।

**III. 21. स्तंभ 'अ' के वाक्यांशों के साथ स्तंभ 'ब' के वाक्यांशों को जोडकर स्तंभ 'क' में लिखिए : [5 × 1 = 5]**

| 'अ' | 'ब' | 'क' (उत्तर) |
|---|---|---|
| (A) बाबू रामगोपाल | विधान प्राचलित हुआ | (A) ________ |
| (B) हमारा सारा पर्यावरण | असामयिक निधन हुआ | (B) ________ |
| (C) विक्रम साराभाई का | परस्पर प्रेम भावना | (C) ________ |
| (D) राजा की अपरिमित भक्ति | श्रीमती का पति | (D) ________ |
| (E) पारस्परिकता | केशव के चरणों में अर्पित थी | (E) ________ |
| | विषाक्त हो गया है | |
| | सौंदर्य से प्रेम था | |
| | कमल किशोर के पिता | |

www.StudyGuideIndia.com

**IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए : [8 × 1 = 8]**

22. निर्मला क्यों घबरायी ?

23. विक्रम साराभाई ने लोक विज्ञान केंद्र क्यों स्थापित किया ?

24. दामोदर कौन था ?

25. कंप्यूटरीकरण से किसकी समस्या बढ रही है ?

26. चित्रकूट पर किसकी शीतल दृष्टि पडती है ?

27. 'अबके' कविता में बेहतर आदमी का अर्थ क्या है ?

28. कई दिनों तक चूहों की हालत शिकस्त क्यों थी ?

29. शिल्प मर्मज्ञों ने मूर्ति में क्या भरकर पाहन को मुखर बनाया है ?

V. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-दो वाक्यों में लिखिये :** [13 × 2 = 26]

30. जब कभी दुकान में बैठते तब अब्दुल कलाम क्या–क्या बेचा करते थे ?

31. हेतू कौन था ? उनका हुलिया कैसा था ?

32. आम का वृक्ष किस कारण से महत्वपूर्ण है ?

33. चौराहे पर खडी सावित्री का ध्यान किन–किन की ओर खिंचा गया था ?

34. विक्रम अपने नाम से पत्र लिखकर डाकघर में क्यों डाल आते थे ?

35. मुंदर का दाह संस्कार किसने किया और क्यों ?

36. कंप्यूटर – ज्योतिष का काम किस प्रकार करता है ?

37. स्काउट शिक्षा में किस बात की शपथ ली जाती है ?

38. प्रकृति चित्रकूट के साथ कैसा व्यवहार करती है ?



www.StudyGuideIndia.com

39. कवि नए ग्रह में किन बातों की अपेक्षा करता है और क्यों ?

40. कार के आने से पूर्व पत्तों की दशा क्या थी ?

41. कवि रामेश्वरदयाल दुबे ने बेलूर की भूमि का नमन क्यों किया है ?

42. मीठे वचन बोलने से क्या फल मिलता है ?

**VI. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए।** [5 × 3 = 15]

43. श्रीमती जी का व्यवहार नौकरों के साथ नौकरों का–सा ही क्यों था ?

44. पिताजी ने सुरेश का मन परिवर्तन कैसे किया ?

45. बेडन पावेल का जन्म कब हुआ ? उन्होंने बोर युद्ध के समय बालकों से कौन–कौन से काम करवाये ?

46. प्रगति पिछलग्गूपन नहीं है – इसके बारे में कवि सक्सेना क्या कहना चाहता है ?

47. रहीम ने अपने दोहों में क्या–क्या उपदेश दिया है ?

**VII. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर चार-छः वाक्यों में लिखिए।** [3 × 4 = 12]

48. रामकृष्ण अय्यर ने कलाम को बेंत से क्यों मारा ? उन्होंने सुबह की प्रार्थना में कलाम के बारे में क्या कहा ?

**अथवा**

लक्ष्मीबाई ने वीरों से क्या कहा ?

www.StudyGuideIndia.com

**49. नीचे दिए गए पद्यभाग को पूर्ण कीजिए।**

दाने ______________________________

______________________________

______________________________

______________________________ के बाद।

**अथवा**

विद्या–धन ______________________________ ।

______________________________ पौन ।।

करत–करत ______________________________ ।

______________________________ निसान ।।

**50. निम्नलिखित गद्यांश पढकर प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

अनुशासन मानव जीवन का आभूषण है, शृंगार है। विद्यार्थी जीवन के लिए तो यह नितांत आवश्यक है। विद्यार्थी जीवन का परम लक्ष्य विद्या–प्राप्ति है और विद्या–प्राप्ति के लिए अनुशासन का पालन बहुत आवश्यक है। अनुशासन की भावना ही स्वतंत्रता का मूल्य है। विद्यार्थी जीवन भावी जीवन की नींव है। इस जीवन में यदि अनुशासन में रहने की आदत पड जाए तो भविष्य में प्रगति के द्वार खुल जाते हैं। विद्यार्थी जीवन में अनुशासनहीनता अत्यंत हानिकारक है। जो विद्यार्थी अनुशासन भंग करता है, वह स्वयं अपने हाथों से अपने भविष्य को बिगाडता है।

क) विद्यार्थी जीवन का परम लक्ष्य क्या है ?

ख) स्वतंत्रता का मूल्य क्या है ?

ग) भविष्य में प्रगति के द्वार कैसे खुल जाते हैं ?

घ) मानव जीवन का आभूषण क्या है ?

www.StudyGuideIndia.com

**VIII. निम्नलिखित वाक्यों का कन्नड या अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए :** **[2 × 2 = 4]**

**51.** जीते जी सदा आपके साथ रही, मरने पर भी आपके साथ ही रहना चाहती हूँ।

**52.** स्काउट संस्था ऐसे खेल सिखाती है, जिनसे शारीरिक क्षमता तो आएगी, साथ ही बुद्धि भी तीव्र होती जाएगी।

**IX. 53.** पढाई के बारे में सलाह देते हुए अपने छोटे भाई को पत्र लिखिए। **[1 × 5 = 5]**

**अथवा**

अपने स्कूल में संपन्न वार्षिकोत्सव के बारे में अपने पिताजी को पत्र लिखिए।

**X. 54. कोई एक विषय पर निबंध लिखिए।** **[1 × 5 = 5]**

क) मेरे प्रिय अध्यापक

ख) शिक्षा की आवश्यकता

ग) नियमित अभ्यास के लाभ

www.StudyGuideIndia.com